**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग**

**सूचना**

केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संगठनों के पुस्तकालयों के लिए वर्ष 01/01/2021 से 31/12/2021 एवं वर्ष 01/01/2022 से 31/12/2022 तक की अवधि में प्रकाशित हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की सूची तैयार करना।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की एक सूची केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/संगठनों को उनके पुस्तकालयों में क्रय की संस्तुति सहित परिचालित करता है | उपर्युक्त पद्धति के अनुसार वर्ष 01/01/2021 से 31/12/2021 एवं 01/01/2022 से 31/12/2022 की अवधि के बीच विभिन्न विषयों पर हिंदी में प्रकाशित स्तरीय पुस्तकों की एक सूची इस विभाग द्वारा संबंधित संगठनों को परिचालित की जानी है |

2 समस्त लेखकों, प्रकाशकों, मुद्रकों तथा वितरकों से उत्कृष्ट पुस्तकें आमंत्रित की जाती हैं |

3 इच्छुक प्रार्थियों से संबधित वर्ष के अनुसार संलग्नक के प्रपत्र और घोषणा पत्र में मांगी गई जानकारी तथा प्रकाशित पुस्तक की एक प्रति के साथ इस विज्ञापन के प्रकाशन के **एक महीने के भीतर** अथवा उसके पूर्व प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है| केवल ऐसी पुस्तकें, जिन्हें ऊपर पैराग्राफ 1 में उल्लिखित अवधि अर्थात वर्ष 01/01/2021 से 31/12/2021 एवं 01/01/2022 से 31/12/2022 के दौरान पहली बार प्रकाशित किया गया है, विचारार्थ पात्र हैं | प्रपत्र के साथ पुस्तक प्राप्त न होने पर पात्रता पर विचार नहीं किया जायेगा।

4 प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रेषित पुस्तकें संबंधित भारतीय दूतावास/मिशन के माध्यम से भेजी जाएँगी | अग्रिम प्रति सीधे राजभाषा विभाग को भेजी जा सकती है लेकिन उन पर भारतीय दूतावास/मिशन के माध्यम से राजभाषा विभाग को प्राप्त होने के बाद ही विचार किया जाएगा |

5 निर्धारित प्रपत्र और घोषणा पत्र में वांछित सूचना पूर्ण और स्पष्ट रूप से भरकर इस विज्ञापन के प्रकाशन के **एक महीने के भीतर** यूनिकोड मंगल आधारित फॉन्ट में patrika-ol@nic.in पर भेजना अनिवार्य है तथा पुस्तक के साथ संबंधित दस्तावेज़ की हार्ड तथा सॉफ्ट कॉपी **(सॉफ्ट कॉपी में मंगल फॉन्ट में भेजी गई प्रविष्टियों पर ही विचार किया जाएगा)** निम्नलिखित पते एवं ईमेल पर भेजें:-

डॉ. धनेश द्विवेदी, उप संपादक
राजभाषा विभाग, पत्रिका एकक, गृह मंत्रालय,
चौथा तल, बी विंग, एनडीसीसी–II भवन
जय सिंह रोड, नई दिल्ली – 110001
दूरभाष : 011-23438159
ई-मेल : patrika-ol@nic.in
वेबसाइट : www.rajbhasha.gov.in

एस.वी.आर. रमणा
3/1/23

(एस.वी.आर. रमणा)
उप सचिव(पत्रिका)

**संलग्नक**

## दिनांक 01.01.2021 से 31.12.2021 के लिए प्रपत्र

(i) विधा/विषय का नाम :

(ii) पुस्तक का नाम :

(iii) लेखक का नाम :

(iv) क्या पुस्तक का पहला संस्करण 1.1.2021 से 31.12.2021 की अवधि में प्रकाशित किया गया ?______

(v) पुस्तक मूल रूप में हिंदी में लिखी गई है या हिंदी में अनूदित की गई है: _______

यदि अनूदित है तो :

(क) किस भाषा से अनूदित है :

(ख) अनुवादक का नाम :

(ग) मूल लेखक का नाम :

(vi) पुस्तक का मूल्य :

(vii) प्रकाशक का संपर्क विवरण :

(क) नाम :

(ख) पता :

(ग) फैक्स नंबर :

(घ) फोन/मोबाइल नंबर

(ङ) ई मेल :

---

**घोषणा पत्र**

(क) मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि यह मेरी/हमारी मौलिक रचना है अथवा मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि यह मेरी/हमारी अनूदित रचना है।

(ख) मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक ______________ (पुस्तक का नाम तथा लेखक के नाम का भी उल्लेख करें ) में कोई भी राष्ट्र-विघटनकारी एवं देश-द्रोह-उन्मुखी तथा आतंकवाद व सांप्रदायिकता-उत्तेजक सामग्री नहीं है | मैं/हम यह भी प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक में कोई राजनैतिक, भौगोलिक अथवा राजनयिक विवादास्पद तथ्य नहीं है।

(ग) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक में प्रयुक्त भाषा मर्यादित, संयमित और शालीन है |

(घ) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि सूची में शामिल करने के विचारार्थ भेजी जाने वाली पुस्तक/पुस्तकें दिनांक 01.01.2020 से 31.12.2020 के बीच प्रकाशित की गई है/हैं और यह पुस्तक/ये पुस्तकें किसी दूसरे नाम से अथवा किसी दूसरी प्रकाशन संस्था द्वारा प्रकाशित/मुद्रित नहीं की गई है/हैं |

(ङ) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि मैं /हम _____________ (यहाँ देश का नाम दें) का प्रवासी भारतीय/भारतीय मूल का व्यक्ति हूँ/हैं और मैं/हम संबंधित भारतीय दूतावास/उच्चायोग द्वारा इस आशय के लिए जारी प्रमाणीकरण प्रस्तुत करता हूँ/करती हूँ/करते हैं (यह प्रमाणीकरण प्रवासी भारतीय/भारतीयों/भारतीय मूल के व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है)।

हस्ताक्षर..............................................

नाम..............................................

पता..............................................

..............................................

..............................................

मोबाइल न. ..............................................

**संलग्नक**

**दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 के लिए प्रपत्र**

(viii) विधा/विषय का नाम :

(ix) पुस्तक का नाम :

(x) लेखक का नाम :

(xi) क्या पुस्तक का पहला संस्करण 1.1.2021 से 31.12.2021 की अवधि में प्रकाशित किया गया ?______

(xii) पुस्तक मूल रूप में हिंदी में लिखी गई है या हिंदी में अनूदित की गई है: ______

यदि अनूदित है तो :

(घ) किस भाषा से अनूदित है :

(ङ) अनुवादक का नाम :

(च) मूल लेखक का नाम :

(xiii) पुस्तक का मूल्य :

(xiv) प्रकाशक का संपर्क विवरण :

(च) नाम :

(छ) पता :

(ज) फैक्स नंबर :

(झ) फोन/मोबाइल नंबर

(ञ) ई मेल

## घोषणा पत्र

(च) मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि यह मेरी/हमारी मौलिक रचना है अथवा मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि यह मेरी/हमारी अनूदित रचना है।

(छ) मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक ______ (पुस्तक का नाम तथा लेखक के नाम का भी उल्लेख करें ) में कोई भी राष्ट्र-विघटनकारी एवं देश-द्रोह-उन्मुखी तथा आतंकवाद व सांप्रदायिकता-उत्तेजक सामग्री नहीं है। मैं/हम यह भी प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक में कोई राजनैतिक, भौगोलिक अथवा राजनयिक विवादास्पद तथ्य नहीं है।

(ज) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि इस पुस्तक में प्रयुक्त भाषा मर्यादित, संयमित और शालीन है।

(झ) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि सूची में शामिल करने के विचारार्थ भेजी जाने वाली पुस्तक/पुस्तकें दिनांक 01.01.2020 से 31.12.2020 के बीच प्रकाशित की गई है/हैं और यह पुस्तक/ये पुस्तकें किसी दूसरे नाम से अथवा किसी दूसरी प्रकाशन संस्था द्वारा प्रकाशित/मुद्रित नहीं की गई है/हैं।

(ञ) मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि मैं /हम ______ (यहाँ देश का नाम दें) का प्रवासी भारतीय/भारतीय मूल का व्यक्ति हूँ/हैं और मैं/हम संबंधित भारतीय दूतावास/उच्चायोग द्वारा इस आशय के लिए जारी प्रमाणीकरण प्रस्तुत करता हूँ/करती हूँ/करते हैं (यह प्रमाणीकरण प्रवासी भारतीय/भारतीयों/भारतीय मूल के व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है)।

हस्ताक्षर..............................................

नाम..............................................

पता..............................................

..............................................

..............................................

मोबाइल न. ..............................................